**NEWS CLIPPING: 12.04.2021**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# JC BOSE UNIVERSITY RECEIVES 'INSTITUTIONAL AWARD' FOR SOCIAL SERVICE



**FARIDABAD(TIT NEWS):** In recognition of the contribution made by J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad for social service during the lockdown period of Covid-19 Pandemic, the Haryana Red Cross Society and Faridabad District Administration has conferred the University with 'Institutional Award'. Also, the officers of the University have also been awarded with 'Letter of Appreciation' for their contribution and sincere efforts during this period. Haryana Transport Minister Sh. Mool Chand Sharma distributed the awards today at a two-day award ceremony organized by the Red Cross Society and the Faridabad District Administration in the University campus. J.C. Bose University's Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar received the award on behalf of the University. On this occasion, the Registrar Dr. SK Garg and Vice President of Haryana Red Cross Society, Chandigarh Branch Ms. Sushma Gupta were also present. The Haryana Red Cross Society and Faridabad District Administration has also acknowledged the sincere efforts by the officials of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, and awarded them with 'Certificate of Appreciation' and medals for their support and contribution during the lockdown period of Covid-19 Pandemic from March to May, 2020. The officials who were felicitated in the function include Dean Student Welfare Prof. Lakhwinder Singh, Dean Informatics and Computing Prof. Komal Kumar Bhatia, Deputy Dean Dr. Anuradha Pillai, Medical Officer Dr. Ankur Sharma and Coordinator Red Cross Society Mr. Sushil Panwar and DPRO Rajesh Gautam. Recognizing the contribution made by corona warriors, Cabinet Minister Sh. Mool Chand Sharma applauded the support provided by the University during the lockdown period of Covid-19 Pandemic which includes carrying out awareness campaigns, distribution of dry ration packets to the needy people, setting up of a quarantine centre in the University and organizing blood donation camps. Speaking on this occasion, Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar assured the District Administration and Red Cross Society that the University would continue its support for such noble causes. Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar also congratulated the officials for their achievement in the noble cause.

**NEWS CLIPPING: 12.04.2021**

**HINDUSTAN**

# बेहतर कार्यों पर वाईएमसीए पुरस्कृत

गर्व

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी और फरीदाबाद जिला प्रशासन की ओर से कोरोना महामारी में लॉकडाउन अवधि के दौरान किए गए सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए संस्थागत पुरस्कार प्रदान किया है।

इसके लिए सहयोग देने वाले विश्वविद्यालय के अधिकारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

## लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को बांटा था राशन

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों को सूखे राशन पैकेटों का वितरण किया, रक्तदान शिविर का आयोजन किया और विश्वविद्यालय में क्वारंटाइन सेंटर की स्थापना कर कोरोना महामारी की रोकथाम में जिला प्रशासन को सहयोग दिया गया था। संस्थान के जिन अधिकारियों को बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित किया गया उनमें डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, डीन इंफॉर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डिप्टी डीन डॉ. अनुराधा पिल्लई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा, संयोजक रेड क्रॉस सोसाइटी सुशील पंवार शामिल रहे।

प्रशासन व रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय पुरस्कार समारोह में हरियाणा परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। परिवहन मंत्री ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 12.04.2021**

## THE PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय को दिया 'संस्थागत पुरस्कार'

फरीदाबाद। हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी और फरीदाबाद जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन अवधि के दौरान जेसी बोस विश्वविद्यालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा किये गये सामाजिक सरोकार के कार्यों को मान्यता देते हुए 'संस्थागत पुरस्कार' प्रदान किया है तथा इस दौरान सहयोग देने वाले विश्वविद्यालय के अधिकारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

रेडक्रॉस सोसाइटी तथा फरीदाबाद जिला प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय पुरस्कार समारोह में हरियाणा परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पुरस्कार वितरित किये। जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ़ शाखा की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता भी उपस्थित थी। इस अवसर पर कोरोना महामारी की रोकथाम में सहयोग देने वाली विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।